संख्याः- 125/वि0स0/प0का0/11(प)/2021

अति महत्वपूर्ण

विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(पटल कार्यालय)

विधान भवन, लखनऊ,
दिनांकः 21 फरवरी, 2021

प्रेषक,

अशोक कुमार,
विशेष सचिव।

सेवा में,

मा0 सदस्यगण,
उत्तर प्रदेश विधान सभा।

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-2022 के बजट भाषण को इण्टरनेट के माध्यम से मा0 सदस्यगण, विधान सभा को उनके आईपैड पर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यपद्धति को सरकार की मंशा के अनुरूप पेपरलेस किये जाने के क्रम में वित्तीय वर्ष 2021-2022 का राज्य सरकार के बजट पर मा0 वित्त मंत्री द्वारा दिनांक 22.02.2021 के बजट भाषण को इण्टरनेट के माध्यम से मा0 सदस्यों को उनके आईपैड पर उपलब्ध कराये जाने विषयक इस सचिवालय के पूर्व प्रेषित पत्र संख्या-87/वि0स0/प0का0/11(प)/2021 दिनांक 17 फरवरी, 2021 के क्रम में मुझे आपको यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि उक्त हेतु परिवर्तित व्यवस्थायें निम्नानुसार की गईं हैं:-

1. मा0 वित्त मंत्री जी के बजट भाषण की समाप्ति के तुरन्त बाद बजट भाषण एम0एल0ए0 ऑनलाइन प्रणाली की वेब साइट upmla.uplegisassembly.gov.in पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।
2. विधान सभा में बजट प्रस्तुत करने के उपरान्त बजट भाषण सहित सम्पूर्ण बजट साहित्य वित्त विभाग की वेबसाइट budget.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। साथ ही बजट साहित्य गूगल प्ले स्टोर तथा ऐप स्टोर पर डिप्लाय किये जा चुके हैं। राज्य सरकार के डेडिकेटेड ऐप "Uttar Pradesh Sarkar ka budget" पर अपलोड किया जायेगा । उक्त को किसी भी एन्ड्रायड डिवाइस अथवा iOS डिवाइस पर डाउनलोड किया जा सकेगा।
3. मा0 वित्त मंत्री जी के बजट भाषण की समाप्ति के तुरन्त बाद बजट भाषण विधान सभा की वेब साइट uplegisassembly.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।

4. मा0 सदस्यों के सहायतार्थ ''हाँ'' एवं ''ना'' लॉबी में विधान सभा सचिवालय का स्टाफ तथा तकनीकी स्टाफ मौजूद रहेगा।

5. जिन मा0 सदस्यों ने नये आईपैड लिये हों, वे कृपया अपनी ऐपल आईडी पंजीकृत कर लें अथवा अपना एक्टिव रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर तथा ई-मेल आईडी भी साथ लायें।

कृपया उपर्युक्त ऑनलाइन बजट व्यवस्था के अनुसार सहयोग करने की अपेक्षा की गई है।

भवदीय

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

संख्याः- 125/वि0स0/प0का0/11(प)/2021 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थः-

1. मा0 मुख्यमंत्री जी के निजी सचिव को मा0 मुख्यमंत्री जी के सूचनार्थ,
2. मा0 उप मुख्यमंत्री के निजी सचिवों को मा0 उप मुख्यमंत्री के सूचनार्थ,
3. प्रमुख सचिव, विधान परिषद्,
4. मा0 अध्यक्ष, विधान सभा के निजी सचिव को मा0 अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ,
5. प्रमुख सचिव के निजी सचिव को प्रमुख सचिव की सूचनार्थ,
6. विशेष सचिव के निजी सचिवों को विशेष सचिवों की सूचनार्थ,
7. समस्त अधिकारीगण एवं अनुभाग, विधान सभा सचिवालय।

(अजीत कुमार शर्मा)
संयुक्त सचिव।